वैक्सीन आशावाद

यह आलेख सामान्य अध्ययन प्रश्न पत्र-II (गवर्नेंस) से संबंधित है।

इंडियन एक्सप्रेस

23 अक्टूबर, 2021

संक्रमण कम होने के साथ तथा नए मामले भी सात महीने के निचले स्तर पर पहुँच गए हैं। वहीं गतिविधियों पर प्रतिबंधों में ढील के साथ, पिछले कई हफ्तों में अधिकांश उच्च आवृत्ति वाले आर्थिक संकेतकों में सुधार हुआ है।

कोविड -19 महामारी के खिलाफ भारत की लड़ाई में 100 करोड़ टीके लगना एक मील का पत्थर है। यह अर्थव्यवस्था के लिए भी बेहतर है। देश में 70 प्रतिशत से अधिक वयस्क आबादी को अब कम से कम एक डोज लग चुकी है, और लगभग 30 प्रतिशत लोगों को दोनों डोज प्राप्त हुए हैं। डर धीरे-धीरे कम हो रहा है, लोगों को एक प्रकार से पुनर्जीवित कर रहा है, जिससे दृष्टिकोण में बदलाव भी आ रहा है। जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा, आशावाद की भावना वापस आ रही है।

आखिरकार, टीकाकरण न केवल स्वास्थ्य प्रणाली पर मांगों को कम करता है, बल्कि वे मांग और आपूर्ति दोनों पक्षों के माध्यम से एक सकारात्मक आवेग भी प्रदान करते हैं।

संक्रमण कम होने के साथ तथा नए मामले भी सात महीने के निचले स्तर पर पहुंच गए हैं। वहीं गतिविधियों पर प्रतिबंधों में ढील के साथ, पिछले कई हफ्तों में अधिकांश उच्च आवृत्ति वाले आर्थिक संकेतकों में सुधार हुआ है। नोमुरा इंडिया बिजनेस रिजम्पशन इंडेक्स 17 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह के लिए 108.8 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है - पूर्व-महामारी का स्तर 100 के बराबर है। हालांकि अर्थव्यवस्था में कुछ स्तर अभी ठीक नही है लेकिन यह भी धीरे-धीरे बदल रहा है।

टीकाकरण के प्रसार से बीमारी के खतरे को कम करने के साथ, इन सेवाओं की घरेलू खपत बढ़ने की संभावना है। संपर्क-गहन सेवाओं पर प्रतिबंधों में ढील से रिकवरी में मदद मिलेगी। सरकार ने हाल ही में घरेलू उड़ानों की क्षमता पर लगाई गई बाधाओं को हटा दिया है। यह गतिशीलता को बढ़ावा देगा, और पर्यटन जैसे क्षेत्रों की व्यावसायिक संभावनाओं में सुधार करेगा, जो महामारी से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। जोखिम से बचने की यह कमी, जो त्योहारी सीजन के साथ मेल खाती है, परिवारों द्वारा अधिक खर्च करने को प्रेरित कर सकती है।

हालांकि, यह देखते हुए कि आरबीआई के नवीनतम उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण संकेतों ने शहरी परिवारों के बीच निराशावाद जारी रखा है। शायद संपर्क-गहन और असंगठित / अनौपचारिक क्षेत्रों से जुड़े लोगों के दृष्टिकोण को दर्शाता है। यह सुस्त संकट कितनी जल्दी समाप्त हो जाता है, यह देखा जाना बाकी है। जब तक मांग में तेजी नहीं आती है, क्षमता उपयोग बढ़ने की संभावना नहीं है। केन्द्रीय बैंक के नवीनतम सर्वेक्षण के अनुसार, यह चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 60 पर रहा, जो पिछली तिमाही में 69.4 प्रतिशत था। यह निजी निवेश पर एक बाधा के रूप में कार्य करेगा। संक्रमण की एक और लहर यानी तीसरी लहर का भी खतरा है। जैसा कि पीएम ने अपने संबोधन में आगाह भी किया था, अभी भी सतर्क रहने की जरूरत है।

संभावित प्रश्न (प्रारंभिक परीक्षा)

प्र. भारत मे कितने प्रतिशत लोगों को लगभग दोनों वैक्सीन डोज लग चुके हैं?

(a) 30%

(b) 35%

(c) 75%

(d) 50%

Expected Questions (Prelims Exams)

Q. What percentage of people in India have got almost both vaccine Dose?

(a) 30%

(b) 35%

(c) 75%

(d) 50%

संभावित प्रश्न (मुख्य परीक्षा)

प्र. भारत मे 100 करोड़ कोविड वैक्सीन डोज लगाना न केवल स्वास्थ्य के स्तर पर सकारात्मक कदम है साथ ही आर्थिक स्तर भी। क्या आप इस कथन से सहमत हैं? टिप्पणी कीजिए।

(250 शब्द)

Q. Completing 100 crore covid vaccine doses in India is not only a positive step at the level of health but also at the economic level. Do you agree with this statement? Comment.

(250 Words)

नोट :- अभ्यास के लिए दिया गया मुख्य परीक्षा का प्रश्न आगामी UPSC मुख्य परीक्षा को ध्यान में रख कर बनाया गया है। अतः इस प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए आप इस आलेख के साथ-साथ इस टॉपिक से संबंधित अन्य स्त्रोतों का भी सहयोग ले सकते हैं।